कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

क्रमांक/प्रशा./आविभो/भंडार/358/2025 भोपाल, दिनांक 08/02/2025

Tender Document
Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में विगत वर्षों की भांति विद्यालय की वार्षिक पत्रिका सत्र 2025–2026 प्रकाशन मुद्रण किया जाना है। पत्रिका मुद्रण निम्नानुसार पृष्ठों में होगा।

स.क्र.	पृष्ठ	पेज
1.	कव्हर पेज	4 पेज
2.	आर्ट पेपर कुल	96 पेज
	ब्लेक एंड व्हाईट	32 पेज
	रंगीन	64 पेज
3.	हिन्दी विभाग	60 पेज
4.	संस्कृत विभाग	16 पेज
5.	अंग्रेजी विभाग	40 पेज
6.	उर्दू विभाग	16 पेज

प्रस्तुति पत्रिका का साइज ए–4 रहेगा। प्रस्तुति पत्रिका के मुद्रण हेतु विगत सत्र 2024–2025 की प्रस्तुति पत्रिका आपके अवलोकन हेतु नमूना स्वरूप प्रदान की जावेगी।

2. यह आमंत्रण ऐसे मुद्रण प्रेसों/फर्मों और व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास मुद्रण कार्य के क्षेत्र में निम्नतम 03 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश के किसी सरकारी विभाग/निगम मंडल, अन्य उपक्रम एवं व्यवसायिक संस्था को अनुबंध पर सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

3. मुद्रण फर्मों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 09/12/2025 से 24/12/2025 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं उसी अवधि में विद्यालय से विगत सत्र 2024–2025 की मुद्रित पत्रिता की प्रति नमूना स्वरूप पेपर क्वालिटी अवलोकन हेतु प्रदान की जावेगी।

4. मुद्रण फर्मों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 24/12/2025 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं मुद्रण फर्मों/प्रतिनिधियों/प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।

5. मुद्रण फर्मों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 10,000/– अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 15 दिवस के भीतर संबंधित मुद्रण फर्मों को लौटा दी जावेगी।

6. मुद्रण फर्मों से प्राप्त दरों सह मुद्रित पेपर क्वालिटी के नमूने के साथ अप्राप्ति पर उन निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

8. जिस मुद्रण फर्मों की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 10,000/— सुरक्षा निधि के रूप में प्रस्तुति प्रकाशन तक विद्यालय में जमा रहेगी। प्रस्तुति मुद्रण कार्य के मध्य में सेवाऐं संबंधित मुद्रण फर्म की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

8. मुद्रण फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दर पर प्रस्तुति मुद्रण प्राप्ति एवं समिति की पुष्टि के आधार पर नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

9. मुद्रण कार्य उपलब्ध करवाए गए विवरण, नमूने, पैटर्न, पेपर क्वालिटी, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर मुद्रण सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय टी. टी. नगर भोपाल	प्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय टी. टी. नगर भोपाल